प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 19.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 19.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।







## थाना खरेला की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 18.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त यशवन्त सिंह उर्फ मोनू पुत्र मोतीलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मो0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की सफेद बोरी मे एक गत्ते मे 45 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज बरामद करते हुए कोशियारी तालाब कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 151/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. व0उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार उपाध्याय
2. का0 अखिलेश कुमार यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त–

यशवन्त सिंह उर्फ मोनू पुत्र मोतीलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मो0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा



## उ.प्र. लोक सेवा आयोग राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 के जनपद महोबा में सफल आयोजन के लिये बनाये गये 10 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं निर्विघ्न वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गई ब्रीफिंग, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

उत्तर प्रदेश राज्य सेवा आयोग की सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2024 दिनांक-22.12.2024 को जनपद महोबा में 02 पालियों में आयोजित होनी है जिसमें जनपद महोबा में कुल 4128 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे, इस परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद महोबा पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 19.12.2024 को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा ड्यूटी में नामित जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की ब्रीफिग करउ.प्र. राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशो की बिंदुवार जानकारी प्रदान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

परीक्षा को नकलविहीन कराये जाने के लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के नेतृत्व/निर्देशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जिसके लिए 10 थाना प्रभारी, 03 निरीक्षक, 12 उ.नि., 91 हे.कां./कां., 28 महिला आरक्षी, 10एलआईयू की नामवार ड्यूटी लगाई गई है।

जनपद महोबा में उक्त परीक्षा के लिये 10 परीक्षा केन्द्र जिसमें से थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में 06 केन्द्र, थाना चरखारी क्षेत्र में 03 केन्द्र, थाना श्रीनगर क्षेत्र में 01 केन्द्र बनाये गये हैं। अभ्यर्थियों के ठहरने/विश्राम आदि की व्यवस्था हेतु समस्त महिला अभ्यर्थियों के लिए थर्ड आई आल्हा चौक, एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए मुख्यालय महोबा में अलग-अलग 06 स्थान बनाये गये हैं। जनपद महोबा पुलिस सभी परिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड सहित परीक्षा ड्यूटी में नामित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।





वहीद अहमद, निवासी महोबा
अफसार अहमद, निवासी जनपद महोबा,
शान्तनु सोनी निवासी जनपद महोबा
9889975797
9005446945
8960813032
7985468030
9936794446
यूट्यूब
ट्वीटर(X)
यूट्यूब
फेसबुक
फेसबुक
51.4 K
1345
973
5.6K
5K

अनुज शर्मा, निवासी जनपद महोबा
दीपक बाजपेई, निवासी महोबा